हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–143 : जौनपुर, शनिवार 04 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अब यूपी में हजारों कंपनियां करेंगी निवेश:बढ़ेगा रोजगार का अवसर

लखनऊ ब्यूरो : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 (जीआईएस) में 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के दिग्गज उद्योगपतियों की मौजूदगी में 13255 कंपनियां 20.96 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का एमओयू करेंगी। सभी एमओयू के धरातल पर उतरने पर 1 करोड़ 81 लाख 44558 युवाओं को रोजगार मिलेगा। जीआईएस के नौ साझेदार देशों में से चार के मंत्री बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सरकार ने 17.12 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा था। 16 देशों में हुए रोड शो, देश के विभिन्न राज्यों में हुए रोड शो और यूपी में हुए निवेश सम्मेलन में हुए एमओयू से अब निवेश का आंकड़ा 20.96 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। अब तक हुए 13,255 एमओयू में से पश्चिमांचल में 45 प्रतिशत, पूर्वांचल में 20 प्रतिशत, मध्यांचल में 13 प्रतिशत और बुंदेलखंड में भी 13 प्रतिशत निवेश के एमओयू साइन हुए हैं। औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार ने औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा के समक्ष जीआईएस की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सबसे अधिक निवेश मिला जीआईएस के लिए 56 फीसदी निवेश अकेले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मिला है। कृषि और कृषि से जुड़े सेक्टर में 15 प्रतिशत, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में 8 फीसदी, टेक्सटाइल में 7 फीसदी, पर्यटन में 5 फीसदी, शिक्षा में 3 फीसदी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में 3 फीसदी, नवीनीकृत ऊर्जा, हेल्थकेयर, वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक, फार्मास्युटिकल एंड मेडिकल डिवाइस में एक–एक फीसदी निवेश के एमओयू साइन हुए



हैं। ये होंगे आकर्षण के केंद्र जीआईएस में ग्लोबल ट्रेड शो का भी आयोजन किया जाएगा। इंटरनेशनल बायर–सेलर मीट होगी। स्टार्टअप इनोवेशन समिट, एमएसएमई के लिए वेंडर डेवपलेमेंट प्रोग्राम और ओडीओपी उत्पाद के स्टाल आकर्षण का केंद्र होंगे। इन्वेस्टर्स समिट के मुख्य कार्यक्रम को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। इनका हो सकता है लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्वेस्ट यूपी 2.0 का उद्घाटन करने के साथ निवेश सारथी, उद्यमी मित्रा, निवेश मित्रा 2.0 और ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम भी लॉन्च कर सकते हैं। इन उद्योगपतियों को संबोधन का मिलेगा मौका अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी रियायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी आदित्य बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला टाटा संस के एन. चंद्रशेखरन ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बिरचेर। इससे बढ़ेगा रोजगार का अवसर

## किसी भी तरह के अपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा –पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार द्वारा जिले में कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में किए जा रहे हैं फेरबदल के क्रम में जनपद में नए पुलिस अधीक्षक के रूप में डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने आज विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा द्वारा "पुलिस लाइन सभागार" में प्रेस वार्ता आयोजित कर जनपद के पत्रकार बन्धुओं से भेंट/परिचय वार्ता की गई। जनपद की समस्याओं के संबंध में चर्चा कर अपनी प्राथमिकताओं से पत्रकार बन्धुओं को अवगत कराया गया। अपनी प्राथमिकताओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था जीरो टॉलरेंस पर रहेगी इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा किसी भी तरह के अपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया



जाएगा और जहां भी कोई कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद में ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां को सुधार की आवश्यकता होगी वहां संबंधित अधिकारियों से बात करके वन वे या रुट डाइवर्जंस कर उसे सुगम बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## भाजपा सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती –लाल बहादुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और दलितों की विरोधी है। भाजपा सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती है। इस सरकार को जातिगत जनगणना से डर लगता है। भाजपा पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग व शोषित वर्ग को हक और सम्मान नहीं देना चाहती है। यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ गयी है। आज जनता महंगाई से त्रस्त है। डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम पहले से ही आसमान छू रहे हैं। अब गेहूं आटा और इससे बने उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल साबित हुई है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करती है। बेलगाम मंहगाई से लोगों का बजट बिगड़ गया है। आटा–तेल, चावल, सब्जी सब कुछ महंगा हो गया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है। वहीं विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूंजीपतियों और अमीरों का हित साधने की है। गरीब और मध्यम वर्ग भाजपा के एजेण्डे में नहीं



है। गलत आर्थिक नीतियों के चलते आज देश के कई आर्थिक संस्थाएं संकट में पड़ गई है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। शेयर मार्केट लगातार गिर रहा है। भाजपा जनता को उलझाने के लिए नये–नये हथकंडे अपनाती रहती है। कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय बहुत बढ़ गया है। सच्चाई दिखाने वालों पर भी झूठे मुकदमें दर्ज हो रहे हैं। इस सरकार से कोई न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता है बैठक में मुख्य रूप से यशवंता यादव,श्याम बहादुर पाल,राजनाथ यादव,महेन्द्र यादव,राजन यादव,राजेंद्र टाइगर,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,राजेश यादव,जयहिंद यादव,पूनम मौर्या,रुक्सार अहमद,दीपचंद राम,रमापति यादव,नीरज पहलवान,दीनानाथ सिंह,रमेश साहनी, सूर्यभान यादव भानु प्रताप मौर्या शिवजीत यादव राजकुमार बिन्द, लाल मोहम्मद रायनी,कमालुद्दीन अंसारी,आरीफ हबीब,साजिद अलीम,इरशाद मंसूरी,मेवालाल गौतम,आंनद मिश्रा,आसीफ शाह,तारा त्रिपाठी,शबनम नाज,सोनी यादव, सीमा खान,डॉं जंग बहादुर यादव,विक्की यादव,दिनेश फौजी,उपस्थित रहे

## ब्लड कैंसर के मरीजों को मिलेगी राहत : बीएमटी का हब बनेगा यूपी : तैयार हो रहा है नेटवर्क

लखनऊ ब्यूरो : बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के मामले में उत्तर प्रदेश हब बनने जा रहा है। इससे ब्लड कैंसर से जूझ रहे मरीजों को राहत तो मिलेगी ही उन्हें समय पर इलाज भी मिल सकेगा। प्रत्यारोपण के लिए दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इसके लिए इंडियन सोसायटी ऑफ हेमेटोलॉजी एंड ब्लड ट्रांसफ्यूजन के यूपी चौप्टर ने सभी मेडिकल कॉलेजों को जोड़ने की रणनीति अपनाई है। इसमें एसजीपीजीआई, केजीएमयू एवं लोहिया संस्थान अहम भूमिका निभाएंगे। प्रदेश में एसजीपीजीआई अब तक करीब 40 से ज्यादा मरीजों का बोन मैरो प्रत्यारोपण कर चुका है। केजीएमयू में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है और लोहिया संस्थान इसकी तैयारी में है। लखनऊ सहित अन्य शहरों के कॉरपोरेट अस्पताल भी इसे शुरू करने की तैयारी में हैं। एसजीपीजीआई सहित तीनों चिकित्सा संस्थानों में हर दिन औसतन पांच सौ से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। संस्थानों में आने वाले करीब 10 फीसदी गंभीर मरीजों में बोन मैरो प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ती है। यूपी चौप्टर से जुड़े हेमेटोलॉजिस्ट डा. संजीव कुमार बताते हैं कि मरीजों में ब्लड कैंसर के लक्षण होने पर तत्काल उन्हें चिह्नित कर उपचार शुरू करने की जरूरत होती है। देरी होने से मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। क्या है बोन मैरो ट्रांसप्लांट एसजीपीजीआई केएसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि रक्त कैंसर के मरीजों में होने वाली बीमारी ल्यूकेमिया, लिंफोमा, एक्यूट लिम्फोटिक ल्यूकेमिया, अप्लास्टिक एनीमिया, प्राइमरी इम्यूनो डेफिशिएंसी सहित अन्य बीमारियों में बोन मैरो प्रत्यारोपण किया जाता है। बोन मैरो यानी अस्थि मज्जा, हड्डियों के बीच पाए जाने वाला पदार्थ है। जब किसी मरीज का बोन मैरो ठीक से काम नहीं करता है तो अच्छी रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं होता है। तब उसके परिवार के सदस्यों की जांच की जाती है, उनसे स्वस्थ्य अस्थि मज्जा लेकर मरीज में ट्रांसप्लांट किया जाता है। केजीएमयू के हेमेटोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. एके त्रिपाठी बताते हैं कि रक्त कैंसर के मरीज में हीमोग्लोबिन गिरने की वजह से बार–बार खून चढ़ाना पड़ता है। ऐसे में इन्हें तत्काल उपचार की जरूरत होती है, लेकिन तमाम मरीज देर से अस्पताल पहुंचते हैं।

## रामजन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में सक्रिय हुई एनआईए टीम : पीएफआई से जुड़े 8 लोगों को हिरासत में लिया

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में सक्रिय हुई एनआईए टीम ने पीएफआई से जुड़े 8 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे अभी पूछताछ का सिलसिला चल रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पीएफआई का सरगना रियाज मारूफ भी शामिल होना बताया जा रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने बिहार के मोतिहारी में छापामार कार्रवाई करते हुए अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम मंदिर को उड़ाने की साजिश के मामले में पीएफआई से जुड़े 8 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमे पीएफआई सरगना रियाज मारूंफ भी शामिल है। हिरासत में लिए गए पीएफआई से जुड़े सभी 8 लोगों से एनआईए द्वारा अभी पूछताछ की जा रही है।मिल रही जानकारी के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार की सवेरे पूर्वी चंपारण जिले के चकिया और मेहसा थाना क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए चकिया के कुंअदा गांव से कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा मेहसा थाना इलाके के इनाम पट्टी से भी कुछ लोगों की गिरफ्तारी की गई है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए युवकों का पी एफ आई से कनेक्शन है। इसमें रियाज मारूफ भी भी शामिल है जिसका नाम टेरर फंडिंग मामले में भी आया था।

## मेदांता अस्पताल में वर्ल्ड कैंसर डे पर आयोजित हुआ "रूबरू" कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी स्थित मेदांता अस्पताल कैंसर के उपचार व इसके प्रति जागरुकता लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए मेदांता अस्पताल ने वर्ल्ड कैंसर डे पर "रूबरू कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कैंसर सर्वाइवर्स को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को कैंसर सर्वाइवर्स से उनके अनुभवों के बारे में सुनने, सामने आने वाली चुनौतियों और उनका सामना करने के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। इस सत्र ने कैंसर पेशेंट्स व उनके परिजनों को आशा और प्रेरणा भरा एक शक्तिशाली संदेश दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित कैंसर सर्वाइवर्स और कैंसर पेशेंट्स व अन्य लोगों ने आरजे पुनीत से बातचीत की। आरजे पुनीत ने कैंसर जागरूकता और समर्थन के महत्व पर अपना दृष्टिकोण सभी के सामने रखा। मेदांता अस्पताल के डॉक्टर्स ने उम्मीद जताई "रुबरु" कार्यक्रम के माध्यम से सकारात्मक प्रभाव पैदा करने और व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर कैंसर और इसके प्रभावों के बारे में जागरुकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डॉ राकेश कपूर ने कहा, "मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में विगत वर्षों में कैंसर जैसे असाध्य रोगों के उपचार में बहुत से रोगियों का सफल इलाज किया और इस पद्धति को आगे बढ़ाते हुए हम प्रतिबद्ध हैं कि कैंसर जैसी बीमारी के उन्मूलन के लिए हम नई तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराते रहेंगे। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए शीघ्र ही रेडियोथेरेपी का शुभारंभ करने जा रहे हैं। "कैंसर रोगियों का 14 वर्षों से इलाज कर रहे डॉ. आलोक ने कहा "इस बीमारी के इलाज के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सभी को समझना चाहिए कि बॉयोप्सी से कैंसर नहीं फैलता है। जबकि प्रारंभिक जांच से यदि बीमारी का पता चल जाता है तो इलाज बेहतर तरीके से होता है। उन्होंने कहा कि बॉयोप्सी से घबराना नहीं चाहिए। जागरूकता और सतर्कता से बेहतर समाधान होता है।" वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अमित अग्रवाल ने बताया "महिलाओं में स्तन कैंसर की रोकथाम के लिए उन्हें



सतर्क रहना चाहिए। इसके लिए समय–समय पर मेमोग्राफी व अन्य आवश्यक जांच कराते रहना चाहिए।" डॉ अंशुल गुप्ता ने कहा कि "सिकल सेल एनीमिया और ब्लड कैंसर जैसे असाध्य माने जाने वाले रोगों के इलाज के लिए मेदांता लखनऊ में अब बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है।" डॉ. हर्ष अत्रि ने कैंसर रोगी की देखभाल और एकरूपता के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'दुनिया भर के कैंसर रोगियों को समान प्रकार के देखभाल की आवश्यकता होती है। सभी कैंसर रोगियों के लिए सर्वोत्तम स्तर की देखभाल तक पहुंच भी होनी चाहिए।" मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में मेडिकल ऑकोलॉजी हेमेटो ऑकोलॉजी, सर्जिकल ऑकोलॉजी. गॅस्ट्रोइंटेस्टाइनल हेड एंड नेक कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, यूरो, गायनी इत्यादि जैसी सभी मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध है। यहां माइक्रोबायोलॉजी लैब भी है, जिसमें एफसीटी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोप्सी और उससे संबंधित सभी जरूरी जांचे मेदांता लखनऊ करने में सक्षम है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पुर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पुर्ण समाधान दिवस का आयोजन मां काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया। जिलाधिकारी ने गम्भीरता से फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण कि निर्देश दिये। इस दौरान भूमि विवाद, बिजली, राशन की शिकायते प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्हाने कहा कि किसी भी मामलों के निस्तारण करते समय दोनों पक्षों को अवश्य सुने। भूमि और राजस्व के मामलों में पुलिस और राजस्व की टीम जाकर मौके पर निस्तारण करें। इस अवसर पर कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 09 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा.अजय पाल शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## 08 फरवरी को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का किया जायेगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जौनपुर यू०पी० सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि 08 फरवरी 2023 को 12:00 बजे दिन में स्थान राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर जौनपुर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी, जनपद में निवास करने वाले ऐसे बेरोजगार नवयुवक/युवतियां जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो तथा कक्षा 8 या उससे अधिक उत्तीर्ण हो तथा उपयुक्त ट्रेडो में प्रशिक्षण प्राप्त हो जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## कृषि विभाग खोलेगा वन स्टाप शॉप : 16 फरवरी तक जमा होगा फार्म

जौनपुर सू.वि. : कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना के तहत कृषि विभाग वन स्टाप शॉप की स्थापना करेगा। इससे किसानों को एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे बीज, खाद, कृषि उपकरण, कृषि रसायन की सुविधा मिलेगी। कृषि से स्नातक करने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही साथ किसानों को उपयोगी जानकारी की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। विभाग की ओर से शाप स्थापना के लिए आवेदन की मांग की गई है। उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषकों को मृदा परीक्षण, उर्वरक उपयोग की तकनीकी जानकारी, उच्च गुणवत्ता के बीज, जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, वर्मी कंपोस्ट, कीटनाशक, जैविक कीटनाशक इत्यादि समस्त प्रकार के कृषि निवेशों की आपूर्ति करना तथा लघु कृषि यंत्रों को किराए पर उपलब्ध कराना है। चयनित उद्यमियों को कृषि व्यवसाय की गतिविधियों के लिए बीज, खाद एवं रसायन के लाइसेंस प्राप्त करने, बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता भी दी जाएगी, इसके अलावा स्वतंत्र कृषि केंद्र व्यवसाय की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। योजना में कृषि स्नातक अभ्यर्थी चयनित होंगे, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो। योजना की अधिकतम लागत 06 लाख रुपये होगी, जिसकी ऋण सीमा पांच लाख रुपये तथा प्रतिपूर्ति राशि एक लाख रुपये आवेदक की ओर से अभिदान किया जाएगा। चयनित उद्यमी प्रशिक्षण अवधि 13 दिन पूरी करने के उपरांत अनुमन्य अनुदान प्राप्त करेंगे। आवेदकों का चयन जनपद स्तरीय गठित समिति की ओर से किया जाएगा। जनपद के लिए कुल 16 उद्यमिता केंद्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अभ्यर्थी उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर 16 फरवरी तक पॉलिटेक्निक चौराहे के निकट स्थित कृषि भवन में आवेदन कर सकते हैं।

## एंबुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गाड़ी संख्या UP 53 AG 0541 के EMT अनिल कुमार तिवारी चालक अनुज यादव ने एंबुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया । सबा खेरा से जनकदुलारी ने 102 एंबुलेंस पर फोन किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस सबा खेरा



पहुंचती हैं और मरीज को चिकित्सालय लेकर जाते समय गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस को ईको गार्डन के पास रास्ते मे रोककर EMT अनिल कुमार तिवारी के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया। जहाँ गर्भवती महिला सोनी ने एक लड़की को जन्म दिया और तदुपरांत जच्चा, बच्चा को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदरनगर में भर्ती कराया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सके तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# वर्ल्ड कैंसर डेः जिन्होंने कैंसर से हार नहीं मानी

कैंसर शब्द सुनते ही सबसे पहले दिमाग में एक बात आती है कि अब पीड़ित का बच पाना मुश्किल है। विज्ञान ने बहुत तरक्की की है और हम मंगल ग्रह तक पहुंच गए हैं, लेकिन कैंसर पर विजय पाना आज भी आसान नहीं माना जाता है। अमेरिका की क्लीवलैंड क्लीनिक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कैंसर तेजी से फैल रहा है। देश में वर्ष 2022 में कैंसर से 8 लाख मौतें हुईं। मेडिकल साइंस अपनी तरह से कैंसर का उपचार करता है, लेकिन इच्छाशक्ति मजबूत हो तो इस घातक रोग को निश्चित ही मात दी जा सकती है।

इन चर्चित लोगों ने दी कैंसर को मात

अपने हौसले से कैंसर को मात देने वाले बहुत लोग हैं, जो कैंसर पीड़ितों के लिए एक प्रेरणा बने हुए हैं। आज वर्ल्ड कैंसर डे पर भारत के कुछ ऐसे चर्चित नामों की चर्चा करते हैं, जिनका नाम कैंसर को मात देने वालों में हमेशा लिया जाता है, जिन्होंने कैंसर के खिलाफ लंबी जंग लड़ी और आज सामान्य जीवन जी रहे हैं।

भारत को वर्ष 2011 में क्रिकेट वर्ल्ड कप जिताने वाले ऑलराउंडर युवराज सिंह, बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे, मनीषा कोइराला, लीजा रे ऐसे ही कुछ चर्चित नाम हैं।

युवराज सिंह

वर्ष 2011 में वर्ल्ड कप में युवराज सिंह अपने प्रचंड फॉर्म में थे। उनका बल्ला विरोधी गेंदबाजों की जमकर खबर ले रहा था। देश के लिए वर्ल्ड कप लाने के लिए युवराज जी जान लगा रहे थे, लेकिन उनका शरीर न केवल थकान महसूस कर रहा था, बल्कि उन्हें खून की उल्टियां तक हो जाती थीं। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल मैच में जीत दिलाने के बाद ही युवराज ने अपना बॉडी चेकअप कराया और उन्हें कैंसर का पता चला।

उनके फेफड़ों के पास एक टेनिस बॉल की आकार का ट्यूमर था, जो एक दुर्लभ किस्म का कैंसर था। मेडिकल की भाषा में उसे मीडियास्टिनल सेमिनोमा कहते हैं। युवराज इलाज की लंबी प्रक्रिया से गुजरे, लेकिन उन्होंने कैंसर को उसी तरह मात दी, जैसे वो क्रिकेट के मैदान पर विरोधियों के छक्के छुड़ाया करते थे।

युवराज ने न केवल कैंसर को हराया, बल्कि क्रिकेट के मैदान पर पुनः वापसी भी की। आज 12 साल बाद युवराज बिल्कुल स्वस्थ और एक जिंदादिल इंसान हैं।

सोनाली बेंद्रे

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को वर्ष 2018 में कैंसर का पता चला। उन्हें हाईग्रेड मेटास्टैटिक कैंसर था। यह एक ऐसा कैंसर है, जो शरीर के एक हिस्से से होकर दूसरे हिस्से को अपनी जद में ले लेता है और धीरे–धीरे पूरे शरीर में फैल जाता है। कैंसर के इस प्रकार को बहुत ही घातक माना जाता है।

जब सोनाली कैंसर से पीड़ित हुईं तो उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी सार्वजनिक की। साथ ही, लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक भी किया। जब सोनाली का इलाज शुरू हुआ तो कैंसर बहुत तेजी से उनके शरीर में फैल रहा था। कैंसर से जंग जीतकर सोनाली आज स्वस्थ हैं। वो टीवी शो के माध्यम से कैंसर पीड़ितों का हौसला बढ़ाती रहती हैं।

लीजा रे

अभिनेत्री लीजा रे बॉलीवुड में तो बहुत अधिक धमाल नहीं मचा सकीं, लेकिन उन्होंने कुछ ही फिल्मों से अपना प्रभाव जरूर छोड़ा। आज उनकी चर्चा बॉलीवुड एक्ट्रेस से ज्यादा कैंसर को मात देने वाली पर्सनेलिटी को लेकर अधिक होती है। वर्ष 2009 में लीजा रे को बोन मैरो कैंसर का पता चला।

बोन मैरो कैंसर को लेकर आम धारणा यह है कि जो इसकी चपेट में आता है, उसका बचना करीब–करीब नामुमकिन होता है। लीजा रे ने 3 साल के संघर्ष के बाद बोन मैरो कैंसर को हरा दिया। जब वो कैंसर से पीड़ित थीं तो पैरों पर ठीक से खड़ी तक नहीं हो पाती थीं। कैंसर से मुक्ति के बाद लीला रे ने शादी भी की और आज जुड़वा बेटियों की मां हैं। वो अपने ब्लॉग और लेखों से कैंसर पीड़ितों को जीने की राह दिखाती हैं। उन्होंने अपनी संघर्ष गाथा को किताब क्लोज टू द बोन में लिखा है।

मनीषा कोइराला

मूलतः नेपाल की रहने वाली और बॉलीवुड में कई बड़ी हिट्स दे चुकीं मनीषा कोइराला 11 साल पहले कैंसर की चपेट में आ गई थीं। उन्हें ओवरी कैंसर का वर्ष 2012 में पता चला और वर्ष 2015 तक वह कैंसर से जूझती रहीं। इसके बाद उन्हें कैंसर मुक्त घोषित कर दिया गया। आज कुछ लोग तीसरे या चौथे स्टेज के कैंसर पर हार मान लेते हैं, जबकि मनीषा कोइराला को स्टेज 4 का कैंसर था। मनीषा कैंसर पीड़ितों के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से वह जागरुकता फैलाती रहती हैं।

आध्यात्मिक इलाज क्यों जरूरी है ?

सुख–दुख, विपदाएं, परेशानियां, कठिनाइयां और बीमारियों का सामना करते–करते व्यक्ति केअंदर से सकारात्मक ऊर्जा खत्म होने लगती है, जिस कारण व्यक्ति थक जाता है और अंदर से टूट जाता है। कभी–कभी आत्महत्या तक के कदम उठा लेता है। परन्तु जिस व्यक्ति के जीवन में अध्यात्म का सहारा हो उसे सकारात्मक ऊर्जा का बल प्राप्त होता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है।

अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे– योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो संसार की हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में कभी हार नहीं सकता।

आध्यात्मिक इलाज के प्रकार

मंत्र

मंत्र चिकित्सा में महामृत्युंजय मंत्र को बेहद चमत्कारी माना गया है। महामृत्युंजय मंत्र के जाप से कैंसर समेत कई बड़ी बीमारियों के ठीक होने की प्रामाणिक बातें सामने आ चुकी हैं। इसलिए कैंसर चाहे जिस भी स्टेज का हो बीमार व्यक्ति को डॉक्टरी इलाज के साथ ही महामृत्युंजय मंत्र का भी जाप करना चाहिए। यदि रोगी व्यक्ति खुद जाप नहीं कर सकता तो परिवार का कोई व्यक्ति उसके लिए मंत्र का जाप कर सकता है। मान्यता है कि ऐसा करने से कैंसर के जल्द सही होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं अगर कैंसर सही नहीं भी हो पाता है तो उसकी वजह से रोगी को तकलीफ कम होती है।

योग

योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। योग, तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और मानसिक तनाव को दूर करता है। रोजाना 30 मिनट तक योग करके कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है।

ये लेखक के अपनें विचा हैं।

## पाली पुलिस ने वाहनों की गहनता से की जांच

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : जिले के एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देश पर पाली पुलिस ने शुक्रवार को पाली नकटौरा मार्ग पर बड़ी गहनता से वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान जिन वाहन चालकों ने गाड़ी के कागज नहीं दिखा पाये, तो पुलिस ने उन वाहनों का चालान कर दिया। पुलिस की चेकिंग देखकर कुछ वाहन चालक इधर– उधर से निकलने का प्रयास करने लगे। उन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ कर उनकी जामा तलाशी ली। सुबह की चेकिंग से चोर उचक्के इधर–उधर भागते नजर आये। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि वाहन चेकिंग का सिलसिला जारी रखा जायेगा। साथ ही क्षेत्र के खुराफाती व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। जल्द ही गलत गतिविधियों में लिप्त लोगों को जेल भेजने का कार्य किया जायेगा। पीड़ित व्यक्ति को



न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। पीड़ित व्यक्ति किसी भी समय मिल सकता है। चेकिंग के दौरान एसएसआई संजय राय,कांस्टेबल गुंजन गिल आदि लोग मौजूद थे।

## गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल लखनऊ सौजन्य से बलरामपुर चीनी मिल हैदरगढ़ यूनिट बाराबंकी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा रोगियों को निःशुल्क औषधि वितरण , चीनी मिल कर्मियों को स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी ज्ञान दिया गया इस मौके पर गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की स्वास्थ्य टीम में पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ गौरव सिन्हा, डॉ अरविंद सक्सेना, स्टाफ नर्स संजना, नर्स शिल्पी, सोनिया जायसवाल,वंदना निषाद,ममता यादव, आकाश यादव उपस्थित थे। पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ गौरव सिन्हा द्वारा गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल मे उपलब्ध स्वास्थ सुविधाओं एवं पंचकर्म के विषय में पीपीटी के द्वारा व्याख्यान दिया गया बलरामपुर चीनी मिल हैदर गढ़ यूनिट के मुख्य महाप्रबंधक विनोद यादव ,डॉ अरुण पांडे चिकित्साअधिकारी द्वारा स्वास्थ्य टीम एवं



गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल लखनऊ का आभार व्यक्त किया गया । निदेशक डॉ आलोक कुमार मिश्रा , प्रिंसिपल डॉ अविनाश चंद्र श्रीवास्तव एवं चेयरमैन इंजीनियर महेश गोयल ने स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु चिकित्सा कर्मियों को बधाई दी।

## विधान परिषद चुनाव में शिक्षक नेताओं का वर्चस्व खत्म कर भाजपा ने बढ़ाई ताकत,:कारगर रही रणनीति

लखनऊ ब्यूरो : विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक खंड की पांच में से चार सीटें जीतकर भाजपा ने उच्च सदन में शिक्षक दल गैर राजनीतिक और निर्दल समूह के वर्चस्व को खत्म कर अपनी ताकत और बढ़ा ली है। छह साल पहले परिषद में मात्र नौ सदस्यों के साथ सत्तापक्ष में बैठी भाजपा ने धीरे–धीरे न केवल अपनी संख्या को बढ़ायी, बल्कि सपा, बसपा के साथ परिषद चुनाव में शिक्षक एवं स्नातक खंड के क्षत्रप शर्मा गुट के शिक्षक दल (गैर राजनीतिक) और चंदेल गुट के निर्दलीय समूह को इकाई पर समेट दिया है। परिषद में पहले इन्हीं दोनों का दबदबा था। शिक्षक दल गैर राजनीतिक की पूर्व एमएलसी ओमप्रकाश शर्मा और निर्दलीय समूह की कमान राज बहादुर सिंह चंदेल व पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह के हाथ थी। 2020 के चुनाव में भाजपा ने पुराने और मंझे खिलाड़ी ओमप्रकाश शर्मा, चेत नारायण सिंह और संजय मिश्रा को शिकस्त दी। सहारनपुर–मेरठ मंडल में त्रिकोणीय संघर्ष में हेमसिंह पुंडीर भी चुनाव हार गए। दो तिहाई सीटें भाजपा के कब्जे में इस चुनाव के शुक्रवार को आए नतीजों में भाजपा ने झांसी–प्रयागराज सीट शर्मा गुट के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी से छीन ली। अब सदन में शर्मा गुट से मात्र ध्रुव कुमार त्रिपाठी और चंदेल गुट से राज बहादुर सिंह चंदेल और आकाश



अग्रवाल सदस्य हैं। परिषद की 100 में से 6 सीटें खाली हैं। भाजपा ने 76 सीटों के साथ दो तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा जमा लिया है। मनोनीत कोटे की छह सीटों पर मनोनयन के बाद भाजपा के सदस्यों की संख्या 82 हो जाएगी, जबकि, सपा के 9 और बसपा का मात्र एक सदस्य है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की उपस्थिति तक नहीं है। सिमटती गई सपा परिषद में 2017 में सपा के 60 से अधिक सदस्य थे। सबसे बड़ा झटका उसे विधानसभा चुनाव 2022 से पहले लगा, जब उसके एक दर्जन एमएलसी भाजपा में शामिल हो गए। परिषद की स्थानीय निकाय सीटों पर हुए चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ हो गया। 9 सदस्यों के साथ इकाई तक सिमटी सपा नेता प्रतिपक्ष की स्थिति में भी नहीं रह गई है।

## शांति सौहार्द व समृद्धि के संदेश के साथ शतचण्डी यज्ञ सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा के करनैलगंज–कटरा मार्ग पर बेलसर ब्लाक के खमरौनी स्थित जवालामाई मंदिर में पिछले दस दिनों से चल रहा 23वां शतचण्डी महायज्ञ शनिवार की सायं पूर्णाहुति यज्ञ के साथ सम्पन हुआ। पूर्णाहुति यज्ञ में तरबगंज विधानसभा के विधायक प्रेम नरायन पाण्डेय ने शामिल होकर यज्ञ देवी का आशीर्वाद ग्रहण किया। अयोध्या के वैदिक विद्वानों के मंत्रों के बीच यज्ञ संरक्षक गुजरात के सिद्ध मनोकामना हनुमान पीठ के पीठाधीश्वर महा मण्डलेश्वर स्वामी रामसेवक दास उर्फ त्यागी बापू ने समाज में सुख शांति – सौहार्द एवं क्षेत्र में समृद्धि की कामना से यज्ञ पूर्ण किया। शतचण्डी यज्ञ के अन्तिम दिवस मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा। सुबह से सायं तक पूजन अर्चन के साथ यज्ञ मण्डप की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उधर लीला परिसर में मथुरा–वृंदावन



के श्याम सुंदर बांके विहारी रासलीला मंडल के कलाकारों ने भगवान कृष्ण की बाल लीला का मंचन कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद तिवारी, सत्य प्रकाश उपाध्याय, हनुमंत शरण तिवारी, इन्द्र बहादुर तिवारी, संतोष कुमार पांडेय, रवि सिंह, प्रदीप तिवारी, नीरज दास व दीपक तिवारी आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

## खेलकूद स्वास्थ्य के लिए वरदान –प्रेमावती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नेहरू युवा केंद्र, के तत्वाधान मे आयोजित दो दिवसीय जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का स्पोर्ट्स स्टेडियम मे भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले ग्रामीणांचल के होनहार खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। नेहरू युवा केंद्र हरदोई के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिवस लंबी कूद, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ तथा वॉलीबॉल फाइनल मैच का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रेमावती का पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनन्दन करते हुए, ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए नेहरू युवा केंद्र हरदोई द्वारा संचालित खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार मिश्र ने दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई तथा प्रतियोगिता के रेफरी सत्येंद्र यादव द्वारा खिलाड़ियों के उत्साह को प्रशंसा करते हुए विजेताओं के नाम घोषित किए गए। 400 मीटर दौड़ में बावन के अभय प्रताप सिंह प्रथम, सुरसा के शाहनवाज द्वितीय और संडीला के कपिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 200 मीटर दौड़ में सुरसा के अभिषेक वर्मा प्रथम, बिलग्राम के आकाश तिवारी द्वितीय और कोथावां के अंकित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में सुरसा





के सिराजुद्दीन प्रथम , बावन के मोनिश द्वितीय और माधोगंज के दुर्गेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वालीबाल में पिहानी की टीम विजेता और सुरसा की टीम उपविजेता रही । प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पदक व् प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत कर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने युवा खिलाड़ियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने में नेहरू युवा केंद्र का अहम योगदान है, इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपने जनपद प्रदेश और राष्ट्र का नाम रोशन करना चाहिए। मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रेमावती ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए खेल के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए निरंतर खेलकूद गतिविधियों मे सक्रिय रहने का आह्वान किया।

## लेबर मंडी में 150 से अधिक श्रम देवताओं को नए पुराने वस्त्र वितरित किए गए –रामानंद सैनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सुन्दर शांति धाम, अली नगर सुनहरा, कृष्णा नगर लखनऊ द्वारा स्थापित मानव धर्म मंदिर की ओर से समाजसेवी रामानंद सैनी ने आज कानपुर रोड स्थित लेबर मंडी में 150 से अधिक श्रम देवताओं को नए पुराने वस्त्र वितरित किए। सुबह 7 बजे रामानन्द जी ने ईशांत सैनी और मंजू जी के साथ 300 पैंट और शर्ट वितरित करने का काम किया। रामानंद सैनी ने बताया कि जिस किसी भी व्यक्ति के पास उसके घर में अनुपयोगी कपड़े, खिलौने, इलेक्ट्रोनिक उपकरण, धार्मिक किताबे, बर्तन आदि चीजे उपलब्ध हो तो वह मेरी त्रिवेणी वस्त्र बैंक में प्रदान कर गरीबों की मदद कर सकते हैं । हम आप द्वारा प्रदान किए गए सामान को जरुरतमंदों तक पहुंचाने का काम करेंगे ।श्री सैनी ने बताया कि यदि किसी की कपड़े या बर्तन की दुकान



हो तो वह रिजेक्ट सामान को भी दान कर सकता है। त्रिवेणी वस्त्र बैंक का संपर्क नम्बर 9336472080 है।

## संत श्रीपाल का व्यक्तित्व और कृतित्व समाज के लिए प्रेरणादायी –अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना के अनुसार संत श्रीपाल ने अपने विलक्षण व्यक्तित्व और कृतित्व से सम्पूर्ण समाज को ध्यान और भजन से जोड़ा। संत श्रीपाल (1942–2021) धर्म अध्यात्म के चिन्तक तथा शिव सत्संग मण्डल आश्रम के संस्थापक थे। उनके बचपन का नाम ' सेठ ' था। उन्होंने वेदों, शास्त्रों और उपनिषदों के प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई के राजस्व ग्राम हुसेनापुर धौकल में सन 1993 में शिव सत्संग मण्डल आश्रम की स्थापना की। उनका प्रभाव हम इक्कीसवीं सदी में भी महसूस कर रहे हैं और उनसे प्रेरणा पाकर उन सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक, अंधविश्वासों से लोहा ले रहे हैं जो दीमक बनकर समाज व धर्म को भीतर ही भीतर खोखला कर रहे हैं। सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक, दार्शनिक और आध्यात्मिक जगत की व्याधियों, दुर्बलताओं और त्रुटियों का अध्ययन उन्होंने किया। संत श्रीपाल का चिंतन मूलतः वेद,उपनिषद एवं शास्त्रों पर आधारित था, जो अपने उद्भव काल से ही चिरंतन और शाश्वत समझे जाते रहे हैं। जीवन के सत्य, सत्संग,सुमिरन व परमात्मा को पाने के लक्ष्य को संत एवं सत्संग परंपरा से ही पाया जा सकता है।संत श्रीपाल का जीवन दर्शन हर मानव को दिशा–बोध प्रदान करता रहेगा और वह प्रासंगिक बने रहेंगे।यह ठीक है कि समकालीन समस्याओं से भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। वह मानवतावादी, धर्म संस्कृति के उद्गाता, शांति के नायक, सांप्रदायिक, सद्भावना के उन्नायक, और अन्याय, अज्ञान, अभाव और शोषण के विरुद्ध संघर्षरत रहने वाले योद्धा सन्यासी थे। ध्यान दें तो हमें पता चलता है कि उनका संघर्ष समाज में व्याप्त अंधविश्वासों एवं सामाजिक कुरीतियां से था।ईश्वर एक है,यह पूरा विश्व मानता है। परंतु समय समय पर जीवन में आने जाने वाले उतार चढ़ाव से सामान्य जन प्रभावित होते रहे हैं।इन्हीं कारणों से चतुर लोगों ने अनेक पूजा पद्धतियों की मन गढंत रचना रच दी। संत श्रीपाल का स्पष्ट मानना था कि शिवत्व की प्राप्ति से ही अमरत्व की प्राप्ति की



ब्रह्मलीन संत श्रीपाल (श्रीमान् जी)

जा सकती है। शिवोपासना से मुक्ति और मोक्ष पाया जा सकता है। वह स्वामी दयानंद द्वारा रचित 'सत्यार्थ प्रकाश' से बहुत प्रभावित थे।इसीलिए सत्संगी जनों को हर घर तक'' सत्यार्थ प्रकाश '' पहुंचाने की सलाह देते थे। सत्यार्थप्रकाश ने अंधविश्वास, कुरीतियों, मूर्तिपूजा, अवतारवाद, बहुदेववाद, अंध श्रद्धा, तीर्थाटन पर जो जमकर प्रहार किया। उन्होंने अपनी परंपरा ,धार्मिक आदर्शों के प्रति आस्था और संस्कृति के प्रति विश्वास जगाया।साथ ही शाकाहार का पक्ष मजबूत करते हुए शाकाहार को जीवन का आधार बताया। जीव हत्या को महापाप बताते हुए, मांस मदिरा सेवन को प्रतिबंधित किया। उन्होंने भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति सत्संगी जनों को, राष्ट्र की मिट्टी की परंपरा व भारतीय संस्कृति से जोड़कर उन्हें भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़कर सशक्त किया।उनके द्वारा श्याम पट लगाकर सत्संग करने की उत्कृष्ट परम्परा आज भी सुदूर क्षेत्रों में प्रचलित है। माघ पूर्णिमा वर्ष 2021 को वह अंतर्ध्यान हो गए। वह कहते थे कि आत्म ज्ञान,ज्ञान बाकी सब अज्ञान। इसलिए आत्म चिन्तन कर आत्मनिष्ठ,एक निष्ठ बनें।इस अनमोल जीवन का समग्र कल्याण परमेश्वर से अपनी जीवन धारा को जोड़कर ही किया जा सकता है। शांतिमय, खुशहाल जीवन के लिए ध्यान और भजन इस आध्यात्मिक चेतना के मूल स्रोत हैं।

# दीक्षांत समारोह के दौरान 64 विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे गोल्ड मेडल

आगामी 23 फरवरी को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न कॉलेजों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के हाथों गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। पीजी में 64 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिलेगा। जिसमे क्रमशः निहाल मेहंदी एमसीए, राज वर्मा एमसीए, श्वेता तिवारी एमबीए ई–कॉमर्स, गरिमा सिंह एमबीए, श्रेया राय एमबीए एग्रीकल्चर बिजनेस, नेहा तिवारी एमबीए बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स, शिप्रा सिंह एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल, अंकित यादव एमबीए एचआरडी, साक्षी सिंह एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, ममता मिश्रा एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, निधि सिंह एमएससी बायोकेमेस्ट्री, हिमांशु कुमार पाठक एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, मुस्कान साहू एमएससी केमिस्ट्री, अनामिका यादव एमएससी अर्थ प्लेनेटरी साइंस अप्लाइड जियोलॉजी, प्रदुम कुमार शर्मा एमएससीध्एमए मैथमेटिक्स, गरिमा श्रीवास्तव एमएससी फिजिक्स, छाया त्रिपाठी एमए अप्लाइड साइकोलॉजी, उज्जवल कुमार मास कम्युनिकेशन, अनिल कुमार एमए फिजिकल एजुकेशन हंडिया पीजी कॉलेज प्रयागराज, जयंत कुमार एनसीएस हिस्ट्री आरचीलॉजी एंड कल्चर गुलाबी देवी डिग्री कॉलेज सिद्धिकपुर जौनपुर, अमरेंद्र कुमार गुप्ता डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक साइंस मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज जौनपुर, मानसी मिश्रा इकोनॉमिक्स तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, श्वेता एजुकेशन बाबा जगदेव दास मां अमरावती शिवपूजन महाविद्यालय पकड़ी ताल घोसी मऊ, श्रेया चंद्र इंग्लिश मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज जौनपुर, शंभवी शुक्ला ज्योग्राफी सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर जौनपुर, अलका तिवारी हिंदी मुनेश्वर महाविद्यालय विश्वपालपुर बरईपार जौनपुर, अभयानंद पांडे म्यूजिक मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज जौनपुर, कुमारी रागनी निषाद होम साइंस फूड न्यूट्रिशन मां गुजराती महाविद्यालय चुरावनपुर बक्सा, कुमारी निर्मला यादव होम साइंस ह्यूमन डेवलपमेंट मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज जौनपुर, नेहा यादव मेडिकल एंड मॉडर्न हिस्ट्री स्नकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर, कविता सोनकर फिलासफी शिब्ली नेशनल कॉलेज आजमगढ़, हर्ष कुमार साहू पॉलिटिकल साइंस सर्वजनिक महाविद्यालय मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर, खुशबू यादव संस्कृत सर्वोदय महिला महाविद्यालय लेदुका जौनपुर, निर्दोष यादव सोशलॉजी प्रभु देवी महाविद्यालय मछली गांव जौनपुर, शुभम कुमार वर्मा सोशलॉजी डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय गाजीपुर, अरीबा असद उर्दू फरीदुल हक मेमोरियल डिग्री कॉलेज सब्रहद जौनपुर, शमीम बानो अरबिक शिब्ली नेशनल कॉलेज आजमगढ़, विपिन कुमार साइकोलॉजी पूर्वांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानी की सराय आजमगढ़, कुमारी दीप्ति सिंह एमएड तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, सपना एमकॉम हंडिया पीजी कॉलेज प्रयागराज, ज्योत्सना उपाध्याय बॉटनी श्री जगदीश नारायण महेंद्र प्रसाद महाविद्यालय आजमगढ़, सुष्मिता सिंह केमिस्ट्री राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमुहाई जौनपुर, शुभम गुप्ता इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री कुटीर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चक्के जौनपुर, कुमारी मोनिका शर्मा मैथमेटिक्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर, अनुश्री यादव फिजिक्स आशा महाविद्यालय गाजीपुर, जेबा तबस्सुम जूलॉजी किसान मजदूर महाविद्यालय भीटी मऊ, आदित्य नारायण यादव एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स 2021 तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, शैलेश यादव एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग 2021 तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, विकास कुशवाहा जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर, आमोद यादव हॉर्टिकल्चर तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, अंकिता प्लांट पैथोलॉजी तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, अरविंद कुमार पटेल एग्रोनॉमी तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, नवीन शेखर एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एंड सॉइल साइंस तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, वैशाली सिंह एंटोमोलॉजी तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, एमडी नौशाद एग्रीकल्चर एक्सटेंशन तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर, सायन मित्रा एमडीएस ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी डेंटल कॉलेज इटौरा चंदेश्वर आजमगढ़, मेहंदी मुस्तफा एमडीएस ऑर्थोडॉन्टिक्स डेंटोफैसियल ऑर्थोपेडिक्स डेंटल कॉलेज इटौरा चंदेश्वर आजमगढ़, सुमैया फिरदौस एमडीएस पेडियाट्रिक प्रीवेंटेड डेंटल कॉलेज इटौरा चंदेश्वर आजमगढ़, जितेंद्र कुमार एमडीएस पीरियडोनटोलॉजी डेंटल कॉलेज इटौरा चंदेश्वर आजमगढ़, राकेश रोशन एमडीएस प्रोस्थोडॉन्टिएस एंड क्रॉउन एंड ब्रिज डेंटल कॉलेज इटौरा चंदेश्वर आजमगढ़, शैलेश्वरी यादव एमएस प्रसूति एवं स्त्री रोग शाम्मे गौसिया माइनॉरिटी आयुर्वैदिक युनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल नंदगंज गाजीपुर, संजय कुमार एमएस शल्य तंत्र शाम्मे गौसिया माइनॉरिटी आयुर्वैदिक युनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल नंदगंज गाजीपुर, मधुरिता शुक्ला एमडी रोग निदान एवं विकृति विज्ञान शाम्मे गौसिया माइनॉरिटी आयुर्वैदिक युनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल नंदगंज गाजीपुर, आशीष कुमार गुप्ता एमडी जनरल मेडिसिन शाम्मे गौसिया माइनॉरिटी आयुर्वैदिक युनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल नंदगंज गाजीपुर शामिल है।

# आभूषण व्यवसाई नहीं लगा सकते ग्राहकों को चूना : ऐप हुआ लांच –विनीत सेठ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अब आभूषण व्यवसाई ग्राहकों को चुना नही लगा सकते है। ग्राहकों की सहूलियत को देखते हुए और उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भरतीय मानक ब्यूरो ने एक ऐसा ऐप लॉन्च किया है जिसके माध्यम से अपने खरीदे गए गहनों की शुद्धता की जांच आसानी से अपने मोबाइल में ही कर सकते है। आपको सावधानी बरतना है आप आभूषण खरीदते समय HUID कोड वाले ही गहना खरीदे। इस कोडिंग वाले गहने को पूरी दुनियां के किसी भी दुकान पर बेचने पर मजदूरी काटकर पूरा पैसा वापस मिल जाएगा। इस तरह का ऐप लांच होने से जनपद के अग्रणी आभूषण व्यवसायियों में शुमार गहना कोठी के अधिष्ठाता विनीत सेठ इस एम के लांच होने की खुशी जाहिर करते हुए बताया कि सोने चांदी के कुछ दुकानदारों द्वारा ग्राहकों का शोषण किया जा रहा था ऐसे दुकानदार कस्टमर को अपना माल उच्च क्वालिटी बताकर घटिया किस्म के गहने बेचते है इसे देखते हुए भारतीय मानक ब्यूरो ने नया नियम बनाया है , इस नियम के तहत सभी रजिस्टर्ड गहनों के शो रूम और दुकानों के गहनों को सरकार अपने लैब में टेस्ट करेगी उसके बाद सभी गहनों पर अलग अलग 6 अंको व अक्षरों वाला कोड डालेगी।



उसके बाजार में बेचने की इजाजत मिलेगी। विनीत सेठ ने देश की उपासना ब्यूरो प्रमुख से बातचीत करते हुए बताया कि HUID कोडिंग वाले गहना खरीदने से ग्राहक स्वर्ण आभूषण की ठगी से बच जायेंगे, पूरे पैसे का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि गहनों की गुणवत्ता की जांच ग्राहक अपने एंड्राइड मोबाइल में कर सकता है। बस ग्राहक सरकार द्वारा जारी BIS CARE ऐप डाउनलोड करे , ऐप खुलने पर वेरीफाई HUID पर जाए एवं जेवर अंकित कोड को डाले एवं सर्च पर क्लिक करें। यह कोड कुछ इस प्रकार होगा जैसे QQZ95G और हर आभूषण का कोड अलग होगा। अब आप अपने मोबाइल पर अपने स्वर्ण आभूषणों की शुद्धता की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### मानव समाज में शांति एवं भाईचारे को स्थापित करना आवश्यक –ब्रह्मकुमारी शालिनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में परमात्मा एवं स्वयं की पहचान विषय पर सात दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नारायणपुर माफी गांव में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरगूपुर शाखा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ब्रह्मकुमारी शालिनी ने परमात्मा के साथ ही स्वयं की पहचान विषय पर जानकारी से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने भगवान गॉड अल्लाह एवं ईश्वर की पहचान पर उपस्थित लोगों के बीच विस्तार से प्रकाश डाला। ब्रह्मकुमारी शालिनी ने उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य मानव समाज में शांति एवं भाईचारे को स्थापित करना बताया। सात दिनों तक चलने वाले उक्त कार्यक्रम के पहले दिन वैशणवी कृष्णा वती शगुन



रामावती नीलम मीरा कमलेश रामदीन हरिहर घनश्याम सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। उक्त संस्था द्वारा पहली बार यहां आयोजित हो रहे कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है।

## दुष्कर्म के आरोपी को 7 वर्ष की कैद व अर्थदण्ड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो काशी प्रसाद सिंह यादव की अदालत ने किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने व बलात्कार करने के आरोपी युवक को 7 वर्ष के कारावास व 15000 अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार मीरगंज थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने मुकदमा पंजीकृत करवाया कि उसकी पुत्री 16 वर्ष की है जो कक्षा नौ में पढ़ती है। 7 मई 2017 की रात उसकी पुत्री उसके साथ सोयी थी जो रात 1 बजे तक उसके साथ थी लेकिन जब भोर में उसकी नींद टूटी तो वह बिस्तर पर नहीं थी। काफी तलाश की गई लेकिन पता नहीं चला। परिजनों के अनुसार रोहित सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी किशुंदासपुर थाना मीरगंज नामक युवक उसकी पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। बरामद होने पर पीड़िता किशोरी ने बयान दिया कि आरोपी उसे बनारस भगा ले गया था और होटल में उसे उसके साथ दुष्कर्म करता था। विशेष लोक अभियोजक राजेश उपाध्याय व कमलेश राय द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी रोहित सिंह को किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोष सिद्ध पाते हुए 7 वर्ष के कारावास व 15000 अर्थदंड से दंडित किया।

# भारत लोकतंत्र का एक मुख्य उदाहरण –प्रो० मुराद अली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में जी–20 के परिपेक्ष्य में डेमोक्रेसी एवं सतत विकास पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य




वक्ता प्रो0 मुराद अली ने पर्यावरण का बचाव करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया और अन्य देशों के उदाहरण देकर सतत विकास की परिकल्पना को बताया। उन्होने कहा कि भारत लोकतंत्र का एक मुख्य उदाहरण है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 बी.डी.शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को जी–20 एक मंच प्रदान करता है जिससे वह अपनी प्रतिभाओं में निखार ला सके। इस मौके पर डीन अजय द्विवेदी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का अर्थ है– सबका साथ,सबका विकास,सबका प्रयास,सबका विश्वास। उन्होंने कहा कि पर्यावरण से मानव जीवन है पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने सतत विकास कि परिकल्पना के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया। एंबेडर डॉ सुनील कुमार ने कहा कि जी–20 की अध्यक्षता हमारे देश के विकास में अत्यधिक सहायक साबित होगी। इस अवसर पर सुशील कुमार ने कहा कि जी20 के तहत हर देश अपने हितों में कार्य कर रहा है। इससे देश लोकतंत्र और विकास की परिकल्पना में बढ़कर आगे आया है। कार्यक्रम का संचालन रितिक पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर एम्बेसडर किशन जयसवाल, ऑचल सिंह, संस्कार श्रीवास्तव,विकास सोनी, हर्ष साहू,रिन्शु सिंह, राज अंग्रहरि, हिदायत फातिमा,अमित पटेल,शशांक भारती और अन्य उपस्थित रहें।

# समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक सम्पन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक जिला कार्यालय धरनीधर पुर मीरपुर में जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने बताया कि हमारे समाचार पत्र विक्रेता राजेश गौतम की माता जड़ावती देवी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। वह 72 वर्ष की थी उनके मृत्यु से सभी समाचार पत्र विक्रेता शोकाकुल हो गए उनकी आत्मा को शांति के लिए सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को शोक श्रन्धाजली अर्पित किया बैठक में मुख्य रूप से मगरु राम मौर्य, अवधेश मौर्य, और पवन साहू अखिलेश मौर्य, लाल चंद्र मौर्य, विजय शर्मा, सुनील मौर्य, नरेंद्र मौर्य, राम प्यारे प्रजापति ,आदि उपस्थित रहे ।

# गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरविंद कुमार ने किया बाबा का दर्शन

वाराणसी ब्यूरो : गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरविंद कुमार अपनी पत्नी के साथ वाराणसी दौरे पर हैं। चीफ जस्टिस ने आज काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया। बाबा विश्वनाथ धाम की



खूबसूरती देखकर गदगद हुए। मंदिर की ओर से फल प्रशाद भेंट दिया गया। चीफ जस्टिस अरविंद कुमार बाबा दरबार से अन्नपूर्णा मंदिर गए। मां भगवती की पूजा अर्चना की और उसके बाद मंदिर के महंत शंकर पूरी से मुलाकात भी की। महंत ने माता की चुनरी प्रसाद और मोमेंटो भेंट किया। इस दौरान अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# फिल्म मामा भांजा में एक बार फिर प्रियंका पंडित के साथ नजर आएंगे सत्येंद्र सिंह : फिल्मी गलियारों में हलचल तेज

(विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) मनोरंजन। ''सिद्धि एंटरटेनमेंट वर्ल्ड'' के बैनर तले और निर्देशक प्रदीप आर शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मामा–भांजा इन दिनों सुर्खियों में बनी हैं। वजह हैं अभिनेता सत्येंद्र सिंह और प्रियंका पंडित की सुपरहिट जोड़ी। फिल्मी बड़े पर्दे पर जब जब ये सुपरहिट जोड़ी नजर आती हैं, दर्शकों को अपने बेहतरीन अदाकारी से दीवाना बना जाती हैं। बात करे इस फिल्म की तो इस फिल्म में एक और ऐसा मुख्य किरदार हैं, जिसके बिना ये फिल्म अधूरी हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं फिल्म में मामा का किरदार निभा रहे मशहूर हास्य अभिनेता सीपी भट्ट की, जो इस फिल्म में अपने अभिनय से दर्शकों को लोट पोट कर देंगे। ये फिल्म पूर्ण रूप से पारिवारिक, समाजिक और एक अनमोल बंधन पर आधारित है। फिल्म में आपको लव,एक्शन, रोमांस,कॉमेडी आदि सब एक साथ देखने को मिलेगा। फिल्म में वर्सेटाइल अभिनेता सत्येंद्र सिंह एक नए लुक में नजर आएंगे, जो दर्शकों को खासा पसंद आएगा और फिल्म के प्रति आकर्षित करेगा। फिल्म में आपको एक और किरदार से रूबरू कराना चाहुंगा, जिनका किरदार फिल्म को लव ट्रैंगल देगा। फिल्म में अभिनेता सत्येंद्र सिंह एक नही बल्कि दो दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आएंगे, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। अभिनेता सत्येंद्र सिंह की दूसरी प्रेमिका के रूप में खुबसूरत अभिनेत्री सोनाली मिश्रा नजर आएंगी। फिल्म के प्रोड्यूसर नंदलाल आर पांडे की माने तो ये फिल्म सम्पूर्ण पारिवारिक व समाजिक फिल्म हैं । जो दर्शको को एक नया अनुभव देगी तथा इसकी कहानी लीग से हट के हैं। फिल्म में आपको स्टार अभिनेता सत्येंद्र सिंह के साथ सुपरस्टार अभिनेत्री प्रियंका पंडित व सीपी भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आएंगे साथ ही साथ अभिनेत्री सोनाली मिश्रा और विलेन जीतू शुक्ला भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन बेहतरीन निर्देशकों में शूमार निर्देशक प्रदीप आर शर्मा कर रहे है तथा फिल्म के प्रोड्यूसर नंदलाल आर पांडे व को–प्रोड्यूसर चंदा पांडे हैं। संगीत



अनुज तिवारी व राजेश घायल का हैं। गीत– पवन मिश्रा व विनय निर्मल का हैं। लेखक अखिलेश कुमार, छायांकन दया शंकर सिंह, मारधाड़ श्रवण कुमार ,कोरियोग्राफर अशोक दादा, प्रोडक्शन अशोक मंडल व पीआरओ आर्यन पांडे हैं।

# शिक्षक की पिटाई से नाराज भारी सख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर गाड़ी पर की तोड़फोड़

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : करंजाकला सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में स्थित राम लखन सिंह इंटर कॉलेज में कार्यरत एक शिक्षक की पिटाई से अनुसूचित जाति का एक छात्र घायल हो गया। लगभग 200 की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शिक्षा की गाड़ी पर लाठी डंडे से तोड़फोड़ की है। सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के चकमीर मीरापुर गांव में शुक्रवार को कक्षा 10 के अनुसूचित जाति के एक छात्र की पिटाई राम लखन सिंह इंटर कॉलेज के एक शिक्षक कमलेश कुमार गौतम ने कर दी थी। जिस पर पीड़ित के मुताबिक उसे काफी चोटें आई थी। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया। नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव कर नारेबाजी शुक्रवार की दोपहर तक किया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने किसी तरह मामले को समझा–बुझाकर शांत कराया था। लेकिन शनिवार की दोपहर 200 की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने नारेबाजी करने लगे और विद्यालय का घेराव कर लिए। किसी ने सूचना 112 नंबर पर दी मौके पर पुलिस देख ग्रामीण विद्यालय परिसर से भाग निकले। पीड़ित का आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक कमलेश कुमार के द्वारा उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी गई जिससे उसे काफी चोटें आई थी। जिसकी शिकायत लेकर व प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह के पास पहुंचा उन्होंने मामले को किसी तरह शांत करा दिया। पीड़ित ने बताया अनुसूचित जाति होने के कारण शिक्षक के द्वारा भद्दी–भद्दी गालियां दी जा रही थी। जिसकी शिकायत उसने शिकारपुर चौकी इंचार्ज को तहरीर देकर किया है।



वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को छात्र ने किसी बात को लेकर शिक्षक का कॉलर पकड़ लिया था। जिस पर शिक्षक कमलेश कुमार ने उसे डांटते हुए एक थप्पड़ मार कर भगा दिया था। शनिवार को प्रधानाध्यापक विद्यालय से संबंधित किसी काम के लिए मीटिंग में गए थे।दोबारा 200 की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शिक्षक कमलेश की गाड़ी लाठी–डंडे से सीसे का क्षतिग्रस्त कर दी और मार पीट शुरू कर दी। जिसकी सूचना उन्हें फोन के माध्यम से मिली मौके पर वह पहुंचकर उन्होंने इसकी सूचना 112 नंबर पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर वे सभी भाग गए इसकी शिकायत उन्होंने सरायख्वाजा थाने पर भी दी है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया है कि दोनों तरफ से तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार और ठेले को मारी टक्कर : दो गंभीर रूप से घायल : जिला अस्पताल रेफर

बलिया ब्यूरो : बलिया में सड़क हादसे की खबर है। बैरिया से बलिया की तरफ तेज रफ्तार जा रही कार हल्दी थाना क्षेत्र पर शनिवार सुबह बाइक सवार और ठेले को जोरदार टक्कर मारने के बाद बिजली के खंभे से टकरा गई। इसमें बाइक व ठेला चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि बिजली का खंभा टूटकर जमीन पर नहीं गिरा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायलों को निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। स्थिति गंभीर होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। हल्दी थाना क्षेत्र के हुकुम छपरा ढाले पर बैरिया से बलिया की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने रेवती थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी बाइक सवार कन्हैया लाल चौधरी पुत्र स्व. रामदुलार चौधरी (55) को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें कन्हैया लाल चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद कार ने पचरुखिया से रामगढ़ के तरफ अपने ठेले पर आटा की बोरी लेकर रामगढ़ आ रहे हल्दी थाना क्षेत्र के तिवारी टोला निवासी ठेला चालक सुशील पासवान पुत्र रामजी पासवान (35) को भी अपने चपेट में ले लिया। ठेला चालक सुशील कुमार पासवान भी गंभीर रूप से घायल हो गए। ठेला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार बिजली के खंभे से टकरा गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। कार में सवार चालक सहित सभी लोग मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची रामगढ़ पुलिस कार को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# जेट्रोफा का फल खाने से 15 बच्चे बीमार : अस्पताल में भर्ती

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर में स्थानीय थाना क्षेत्र के सेटलमेंट एरिया स्थित कांशीराम आवासीय कालोनी में शुक्रवार की शाम जेट्रोफा पौधे का फल खाने से 15 बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गये। परिजनों की सूचना पर एम्बुलेंस से स्वास्थ्य कर्मी मौके पर पहुचें। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां उनका प्रारंभिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होते देख चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे आवासीय कालोनी के बच्चे खेलने के लिए निकले थे। वह खेलकूद रहे थे । इस बीच उनमें से ही किसी बच्चे की नजर मूंगफली जैसे दिखने वाले जेट्रोफा के फल पर पड़ी। वह पौधे के पास पहुंचे। देखते ही देखते अन्य बच्चे भी वहां पहुंच गये। जेट्रोफा के फल को तोड़कर खा लिया। उसके बाद वह घर चले गये। कुछ देर बाद बच्चों को बेचौनी के साथ ही उल्टी होने लगी। परिजनों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कालोनी में ही पीछे की तरफ उगे हुए एक पौधे का हम लोगों ने फल खाया है तभी से ही उल्टी हो रही है। इसके बाद परिजन पौधे के पास पहुंचकर देखा तो वह जेट्रोफा का पौधा था। उसके बाद परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों के बीमार होने की सूचना दी। जिस पर तत्काल स्वास्थ्य कर्मी एम्बुलेंस के साथ पहुँचे और बीमार बच्चों अंशू (9),प्रदीप (13),फैज (12),राबिया (2), रौशिक (6),वारिस (10),साहिल (5), इरफान (9),रजत (12), शुभम (6),नरेश (10),आर्यन (8), निधि (5),आबिद (8)असलम (4) को स्वास्थ्य केंद्र ले आये। वहां चिकित्सक ने उनका इलाज शुरू किया लेकिन तबीयत में सुधार न होते देख उन्हें मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल में सभी बच्चों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर बी कमल पहुंचे उन्होंने बच्चों का बेहतर उपचार करने के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिया।

# वेतन में विलम्ब होने से प्राथमिक शिक्षक संघ आक्रोशित : चरणबद्ध आंदोलन का लिया निर्णय

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। वेतन में विलम्ब होने से आक्रोशित उ.प्र.प्राथमिक शिक्षक संघ ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। आंदोलन के प्रथम चरण में 7 फरवरी को मुख्यमंत्री, मंत्री बेसिक शिक्षा, महानिदेशक एवं जिलाधिकारी को टैग करते हुए ट्विटर पर अभियान चलाया जाएगा तथा दूसरे चरण में 10 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर समस्याओं के निराकरण ना होने तक अनवरत धरना शुरू किया जाएगा। उक्त निर्णय जिला एवं ब्लाक कार्यसमिति की संयुक्त बैठक में लिया गया। प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहां विगत कई माह से लेखाधिकारी के मनमानी पूर्ण रवैया के कारण शिक्षकों को विलंब से वेतन भुगतान हो रहा है। शिक्षकों के अवशेष देयकों के भुगतान की पत्रावली अनावश्यक रूप से लंबित पड़ी है। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहां लेखाधिकारी द्वारा वेतन भुगतान में हीला हवाली किए जाने से जनपद का शिक्षक समुदाय आक्रोशित है। आयकर की अग्रिम कटौती हर माह किया जाता है फिर भी कटौती के नाम पर विलंब से वेतन देकर शिक्षकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया की बैठक मेंजिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमानीगंज जय हिंद सिंह, महानगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली अविनाश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा महेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मो.आरिफ, ब्लॉक मंत्री सोहावल समीर सिंह, ब्लॉक मंत्री रुदौली सत्येंद्र पाल सिंह, ब्लॉक मंत्री तारुन प्रवेश कुमार ,ब्लॉक मंत्री हंरिगंटनगंज रविंदर वर्मा ब्लॉक, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष प्रहलाद, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रुदौली मोहम्मद गयास आदि शिक्षक नेता उपस्थित थे।

# अयोध्या रामपथ चौड़ीकरण की प्रगति का कमिश्नर व डीएम ने लिया जायजा

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। मण्डलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गुरूवार को देर शाम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख सम्पर्क मार्गो यथा जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर) तथा राम पथ (सहादतगंज से नयाघाट) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारी द्वय ने जन्मभूमि पथ के कार्य में तेजी लाने व जी0एस0बी0 का कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया तथा पर्याप्त मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर अपेक्षित समय के अन्दर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। तदोपरांत अधिकारी द्वय रामपथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो का जायजा लिया गया इस दौरान अधिकारी द्वय ने स्टार्म वाटर ड्रैनेज युटीलिटी डक्ट के निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिक से अधिक मानव संसाधन/मशीनरी लगाकर कार्य को तीव्र गति से कराने के निर्देश सम्बंधित कार्यदायी संस्था को दिये। इस दौरान अधिकारी द्वय द्वारा मार्ग के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण से सम्बंधित अन्य कार्यो यथा बैनामें, दुकानों/भवनों के ध्वस्तीकरण तथा मलबा हटाने के कार्य को भी तीव्र गति से कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी के क्रम में शुक्रवार को मण्डलायुक्त महोदय व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एस0पी0 सिटी मधुबन कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड–3 व 4, सी0ओ0 अयोध्या, सहायक अभियन्ता एवं जूनियर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड–3 तथा कान्ट्रेक्टर के साथ मण्डलायुक्त कैम्प कार्यालय में बैठक कर राम पथ को कई चौनेज में विभाजित कर प्रत्येक चौनज में अलग–अलग पर्याप्त मानव संसाधन/मशीनरी व साइड इंजीनियर लगाकर प्रत्येक दिन की कार्य योजना बनाकर योजनाबद्व तरीके से रोजाना के लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति कराने तथा अपेक्षित समय के अंदर कार्य पूर्ण करने हेतु कान्ट्रेक्टर को निर्देशित किया। उन्होंने डक्ट निर्माण में अच्छी सामाग्री एवं कारीगरी का प्रयोग करने तथा डक्ट/नाली के अन्दर और बाहर दोनों तरफ अच्छी फिनिशिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने अपर जिलाधिकारी नगर व पुलिस अधीक्षक नगर को कान्ट्रेक्टर के नियमित सम्पर्क में रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सी0ओ0 अयोध्या को भी नियमित निर्माण कार्य क्षेत्र में भ्रमण शील रहने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्लूडी, विद्युत, नगर निगम, जलनिगम आदि विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा जन सामान्य की समस्याओं को भी गम्भीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण कराते रहने के निर्देश दिये। अधिकारी द्वय ने जन सामान्य को आवागमन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित रखते हुये कार्य कराने तथा सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

# रिटायरमेंट के बाद दे दिया एक्सटेंशन बना दिया अफसर : गिरफ्तार अशोक पर खासा मेहरबान थे लाल बंधु

प्रयागराज ब्यूरो : शुआट्स में अवैध नियुक्ति मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों पर आरबी लाल समेत तीनों लाल बंधु खासे मेहरबान थे। इसका पता इसी से चलता है कि अशोक संदीप सिंह को पांच साल पहले रिटायरमेंट के बाद एक्सटेंशन देकर मामूली कर्मचारी से अफसर बना दिया गया। उधर डॉ. सर्वजीत हर्बट भी तीनों का बेहद करीबी है। यही वजह रही कि लेक्चरर से उसे विवि के प्रो वीसी पद पर नियुक्ति दे दी गई। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान दोनों से बेहद अहम जानकारियां मिलीं। पता चला कि अशोक संस्थान में 1989 में सामान्य कर्मचारी के तौर पर तैनात हुआ। उसे ऑफिस सुपरिटेंडेंट पद की जिम्मेदारी दी गई। धीरे–धीरे उसने लाल बंधुओं का विश्वास जीत लिया। इसके बाद उस पर कृपा बरसने लगी। यही वजह रही कि 2017 में रिटायर होने के बाद भी संस्थान से उसकी विदाई नहीं की गई। उसे एक्सटेंशन दे दिया गया और ऑफिस सुपरिटेंडेंट से असिस्टेंट फाइनेंस कंट्रोलर बनाकर तैनात कर दिया गया। इसी तरह डॉ. सर्वजीत भी वीसी व उनके दोनों भाइयों का बेहद करीबी माना जाता है। 1986 में वह लेक्चरर के तौर पर यूनिवर्सिटी में तैनात हुआ था। जिसके बाद हर बीतते वक्त के साथ उसका रुतबा बढ़ता ही गया। इसी वजह से प्रो वीसी जैसा अहम पद उसे सौंप दिया गया। जांच में जुड़े अफसरों का मानना है कि दोनों लाल बंधुओं के करीबी थे। ऐसे में उनसे बेहद अहम राज का खुलासा हो सकता है। यही वजह है कि दोनों को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का निर्णय लिया गया है। एक पद, एक उम्मीदवार और हो गई भर्ती, नियमों का बना दिया मजाक, नियमानुसार नहीं निकाला विज्ञापन निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग की जिस रिपोर्ट के आधार पर शुआट्स वीसी आरबी लाल समेत अन्य पर दो मुकदमे दर्ज हुए हैं, उसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में पाया गया है कि जिन 69 पदों पर अवैध तरीके से नियुक्तियां की गईं, उनमें से कुछ ऐसे भी रहे, जिनमें एक पद पर सिर्फ एक ही उम्मीदवार रहा। जिसके बाद उसकी नियुक्ति भी कर ली गई। शुआट्स में अनियमितताओं की शिकायत पर कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उप्र की ओर से इस मामले की जांच के आदेश दिए गए। मामला बड़े पैमाने पर राजकीय धन के दुरुपयोग का था, ऐसे में शिकायत वित्त अनुभाग तक भी पहुंची। दोनों विभागों के आदेश पर निदेशक, स्थानीय लेखा निधि परीक्षा विभाग, प्रयागराज की ओर से जांच की गई। इसमें चौंकाने वाली बातें सामने आईं। ता चला कि नियुक्ति के लिए नियमों का मजाक बना दिया गया। मानकों को ताक पर रख दिया गया। कुछ ऐसे पद रहे जिनमें एक पद के सापेक्ष महज एक आवेदन आया। यानी एक पद पर उम्मीदवार भी एक ही रहा। इसके बाद बड़े आराम से उस उम्मीदवार की नियुक्ति कर ली गई। इस तरह से अवैध तरीके से नियुक्त किए गए अधिकारी या कर्मचारी के वेतन व भत्ते के भुगतान में राजकीय धन का दुरुपयोग किया गया। जालसाजी के साथ भ्रष्टाचार अधिनियम की भी धाराएं शुआट्स वीसी समेत अन्य आरोपियों पर दर्ज मामले में कुल आठ धाराएं लगाई गई हैं। इनमें धोखाधड़ी, जालसाजी के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के साथ आपराधिक साजिश के साथ ही भ्रष्टाचार अधिनियम के भी आरोप लगाए गए हैं। राजस्थान में मिली वीसी की लोकेशन, टीम रवाना शुआट्स के फरार वीसी आरबी लाल की लोकेशन राजस्थान में मिली है। जबकि उसके दोनों भाइयों सुनील बिहार लाल व विनोद बिहारी लाल के दिल्ली में मौजूद होने की खबर है। उनकी तलाश में एसटीएफ भी लग गई है। एक टीम रवाना भी कर दी गई है। उधर, पुलिस भी उनकी तलाश में लगी है। सूत्रों का कहना है कि फतेहपुर में सामूहिक धर्मांतरण मामले में शिकंजा कसने के बाद से ही लाल बंधु व उनके करीबियों ने सुरक्षित ठिकाने की तलाश शुरू कर दी थी। रही–सही कसर अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद पूरी हो गई। इसके बाद से उनका कुछ अता–पता नहीं है। सामूहिक धर्मांतरण मामले में फतेहपुर कोतवाली पुलिस की ओर से आरबी लाल, उसके भाई विनोद बी लाल के अलावा शुआट्स चांसलर जेटी ऑलिवर समेत छह के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कराने के लिए कोर्ट में अर्जी भी दी गई है। उधर, नैनी थाने में एक दिन पहले दर्ज दो मुकदमों में नामजदगी के बाद लाल बंधुओं की मुसीबत और बढ़ गई है। सूत्रों का कहना है कि फिलहाल अवैध नियुक्तियों से संबंधित मामले में उनकी गिरफ्तारी के पर्याप्त आधार हैं। यही वजह है कि उनकी तलाश जोरशोर से की जा रही है। नैनी पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगा दी गई है। सूत्रों का कहना है कि आरबी लाल की लोकेशन राजस्थान जबकि उसके दोनों भाइयों के दिल्ली में होने की खबर मिली है। इसके बाद एसटीएफ की टीम रवाना भी कर दी गई है। आरबी लाल समेत अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जहां–जहां भी उनके होने की संभावना है, वहां दबिश दी जा रही है। – नवेंदु सिंह, डिप्टी एसपी एसटीएफ एक अन्य कर्मचारी को ले गई पुलिस शुक्रवार को शुआट्स के एक अन्य कर्मचारी को हिरासत में लेने की चर्चा जोरों पर रही। सूत्रों ने बताया कि दोपहर बाद सादे कपड़ों में पुलिस की एक टीम विवि परिसर में पहुंची। इसके बाद अमन डेविड नाम के कर्मचारी को हिरासत में ले लिया। हालांकि इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने ऐसी किसी जानकारी से इन्कार किया।

# समग्र विकास व बदलाव लाने का बजट गांव गरीब किसान युवा और महिलाओं के लिए कल्याणकारी –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा गठबंधन सरकार की सशक्त वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट विगत एक फरवरी को प्रस्तुत कर दिया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह बजट कई मायने में ऐतिहासिक बजट है क्योंकि भारत के राजनैतिक व आर्थिक विश्लेषक बजट प्रस्तुत होने के पूर्व इस तरह के अनुमान लगा रहे थे कि यह एक चुनावी बजट होगा और इसमें मोदी सरकार लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा कर चुनावी शंखनाद कर सकती है लेकिन ऐसा फिलहाल कुछ भी नहीं हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इस बजट को अमृत काल का प्रथम बजट बता रहे हैं जो देश की नींव को मजबूत करेगा और आगामी 2047 तक भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त, मजबूत विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को मजबूत पहचान दिलाने के साथ ही सामाजिक सरोकारों यथा रोजगार सृजन से लेकर मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट तो बनाया ही है साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा भी की गई है। वित्तमंत्री ने लगभग विपरीत परिस्थितियों में भी एक संतुलित बजट दिया है जिसका असर आने वाले दिनों में अवश्य दिखाई पड़ेगा। मोदी सरकार का यह बजट इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इस में समाज के किसी भी वर्ग,जाति अथवा धर्म का तुष्टिकरण नहीं किया गया और न ही अल्पसंख्यक जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से अब तक बजट की परिभाषा, शब्दावली व तौर तरीके सभी बदल गये हैं।अब "सूत्र" काम नहीं करते वरन बजट "राष्ट्र प्रथम" व "नागरिक प्रथम" की भावना से बन रहा है। इस वर्ष के बजट को विहंगम व सूक्ष्म दोनों दृष्टियों से देखा जाना आवश्यक है। देश का मध्यम वर्ग और अमीर करदाता दोनों ही इनकम टैक्स में दी गई राहत से खुश है जबकि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और किसानों ने नई योजनओं का स्वागत किया है। मोदी सरकार का यह बजट सप्तऋषि की अवधारणा पर आधारित है और बजट को सात जागरण सरोकारों में विभाजित किया गया है जिसमें सुशिक्षित समाज, स्वस्थ्य समाज, जनसंख्या नियोजन, गरीबी उन्मूलन, नारी सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है।बजट में पर्यावरण के प्रति ध्यान दिया गया है तो साथ ही समावेशी विकास पर बल व वंचितों को वरीयता दी गई है।बजट में चीन व पाकिस्तान जैसे शत्रुओं से निपटने के लिए तथा रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक प्रावधान में पर्याप्त वृद्धि की गई है।रक्षा क्षेत्र में अग्निवीरों की भर्ती को पूरी तरह से करमुक्त कर दिया गया है ताकि अधिक से अधिक युवा अग्निवीर बनकर देश की सेवा कर सकें।मोदी सरकार के बजट में कई ऐसी नई योजनाओं व प्रावधानों का उल्लेख किया गया है जिससे भविष्य में गांव ,गरीब व किसान के जीवन में बदलाव आयेगा । ऐसी पूरी संभावना है कि यह बजट भारतीय कृषि को एक नये युग में लेकर जाएगा। इस बजट में जय किसान के नारे को समृद्ध बनाने व खेती की प्रक्रिया को आधुनिक बनाने पर पर्याप्त बल दिया गया है। वित्तमंत्री ने बजट प्रस्तावों में खेती को हाईटेक बनाने के लिये डिजिटल इन्फ्रास्टक्चर तैयार करने के प्रस्ताव को शामिल किया है।कृषि क्षेत्र में युवा उद्यमियों को आकर्षित कर इसे लाभकारी बनाने की तैयारी है। किसान केंद्रित मार्केट इंटेलीजेंस, एग्रीटेक और स्टार्टअप को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है।आजादी के अमृत काल के इस पहले बजट में कृषि को विशेष प्राथमिकता दी गयी है।फसलों की उत्पादकता बढ़ाने



के लिए नियोजन, फसल बीमा, उपज आंकलन जैसे इनपुट को सुलभ बनाने में आधुनिक तकनीक सहायक साबित होगी।खेती को उद्योग से जोड़ने वाले युवा स्टार्टअप उद्यमियों के लिए विशेष एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड की स्थापना की जाएगी। बजट के प्रस्तावों में किसानों को सहज तरीके से कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 20 लाख करेड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। फसल बीमा का दायरा बढ़ाने के लिए विशेष प्रबंध किया गया है। प्राकृतिक खेती के लिए एक करोड़ किसानों को "पीएम प्रणाम" – प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होने वाले किसानों के लिए "पीएम प्रणाम योजना" प्रारंभ की जाएगी।आम बजट में केमिकल फर्टिलाइजर के संतुलित प्रयोग के साथ वैकल्पिक फर्टिलाइजर को प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है।योजना पर कुल 10 हजार करोड़ रूपये की लागत आयेगी। आम बजट में मिट्टी की सेहत के साथ कृषि उपज की पोषण क्षमता में वृद्धि को प्रमुखता दी गई है।केमिकल फर्टिलाइजर के अंधाधुंध प्रयोग से घट रही मिट्टी की उत्पादकता को संरक्षित करने के लिए ही पीएम प्रणाम योजना लाई गई है।इसमें जैविक खाद को बढ़ावा दिया जायेगा।इसके अंतर्गत 200 बायोगैस संयत्र लगाये जाएंगे।पराली समेत अन्य बायोगैस को एकत्रित करने और जैविक खाद के वितरण के लिए खजाने से मदद भी की जाएगी। बागवानी के लिए 2,200 करोड़ रूपये– सरकार ने इस बजट में बागवानी को बढ़ावा देने तथा उपज के लिये 2,200 करोड़ की राशि आवंटित की है।इससे किसानों को बागवानी के लिये उच्च गुणवत्ता वाले पौध सामग्री की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी ताकि किसान पारंपरिक फसलों के अलावा बागवानी के जरिये अपनी आय में वृद्धि कर सकें।इसी के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम का आरम्भ भी किया जाएगा। कपास के लिए योजना – कपास की उत्पादकता को और बेहतर बनाने के लिये पीपीपी माडल के माध्यम से क्लस्टर बेस्ड और वैल्यू चेन अप्रोच को अपनाया जाएगा। इसमें किसानों, राज्यों और उद्योगों में में आपसी सहयोग स्थापित किया जाएगा।कृषि में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिये आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जायेगा जिससे किसानों को अच्छा मुनाफा मिल सके। पीएम मत्स्य संपदा योजना योजना के अंतर्गत मछुआरों की आय बढ़ाने के लिये व आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिये 6,000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है वहीं मीठी क्रांति (मधुमक्खी पालन) के माध्यम से कृषि क्षेत्र में 4.60 लाख रोजगार सृजित होंगे। शहद उत्पादन 42 लाख मीट्रिक टन पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत जल्द ही बनेगा "श्री अन्न" (मोटा अनाज) का वैश्विक केंद्र – भारत का श्री अन्न (मोटा अनाज) पूरी दुनिया में छा रहा है।मोटे अनाज को लोकप्रिय बनाने में भारत की महती भूमिका है।इसकी खपत से पोषण खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को प्रोत्साहन मिलता है।मोटे अनाज की फसलों की खेती को बढ़ावा देने के साथ उसके व्यंजनों की गुणवत्ता और महत्ता के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक बनाया जा रहा है।श्री अन्न से तैयार व्यंजनों को हर थाली तक पहुंचाने का लक्ष्य है। श्री अन्न के क्षेत्र में भारत को वैष्विक केंद्र बनाने के लिए हैदराबाद स्थित भारतीय बाजरा अनुसंधान स्थित भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। बजट में अन्नदाता किसान का जीवन सरल और सुखमय करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।खेती को सुविधाजनक बनाने के साथ ही किसानों की कमाई में वृद्धि के लिए सरकार ने ग्रीन एग्रीकल्चर, मोटा अनाज, एग्री क्रेडिट, डिजिटल तकनीक से खेती, पशुपालन, मछली पालन और सहकार से समृद्धि पर फोकस रखा है।सरकार ने पशुपालकों और मछलीपालन करने वाले किसानों के लिए भी कई कदम उठाए हैं।कर्ज देने की रफ्तार बढ़ाने और बहुउद्देशीय सरकारी समितियों को बढ़ावा देने की घोषणा की है। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्टक्चर तैयार किये जाने से किसानों को खेती संबंधित योजना बनाने से लेकर ऋण लेने, फसल बीमा कराने और फसलो के उत्पादन की आसानी से जानकारी मिल सकेगी, इतना ही नहीं किसान बाजार में अपनी फसल को अच्छी कीमत पर बेच सकेगा। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी "देखो अपना देश" योजना की जानकारी दी गई है जिसे जल्द ही लांच किया जाएगा। बजट प्रस्तुत हो जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि, "अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत की सशक्त आधारशिला का निर्माण करेगा। यह गरीबों, मध्यम वर्ग और किसानों सहित एक महत्वाकांक्षी समाज के स्वप्नों को पूरा करेगा।"

# कलरब्लाइंडनेस के कारण बर्खास्त किए गए कांस्टेबल को बहाल करने का आदेश

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को कलर ब्लाइंडनेस (वर्णान्धता) के कारण पुलिस विभाग से बर्खास्त किए गए कांस्टेबल को बहाल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने एसपी अंबेडकर नगर के आदेश को रद्द करते हुए याची को पचास फीसदी बकाया वेतन देने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने जौनपुर निवासी याची ओम प्रकाश चौधरी की याचिका समेत चार अन्य याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिया है। याची के अधिवक्ता हिमांशु गौतम ने कोर्ट को बताया कि याची की पुलिस विभाग में मेडिकल परीक्षा के बाद एक सितंबर 2006 को कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति हुई थी। इसके बाद उसने नौ माह का प्रशिक्षण लिया। उसे अंबेडकरनगर में तैनाती मिली। वर्ष 2007 में डीजीपी की ओर से जारी आदेश में मेडिकल बोर्ड को उन सभी पुलिस कर्मियों के दोबारा स्वास्थ्य परीक्षण का आदेश जारी किया गया, जिनकी वर्ष 2004 से 2007 की बीच नियुक्ति हुई थी। याची का जब मेडिकल परीक्षण किया गया तो उसे कलर ब्लाइंडनेस का शिकार पाया गया। इस आधार पर याची की सेवाएं वर्ष 2007 में समाप्त कर दी गईं। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट



में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता का कहना था कि चूंकि याची की नियुक्ति हो चुकी थी और वह सेवा में था। उन्होंने 1995 एक्ट के अनुच्छेद 33 का हवाला दिया, जिसमें एक फीसदी ऐसे लोगों के लिए पद आरक्षित रखने के लिए कहा गया है जो कि दृष्टिबाधित अथवा बधिर हैं। कहा गया कि याची यदि इस पद के लिए योग्य नहीं है तो उसे उसी वेतनमान पर किसी दूसरे पद पर स्थानांतरित कर दिया जाए। अधिवक्ता का कहना था चूंकि जब याची की नियुक्ति हुई थी तो उसे कलर ब्लाइंडनेस नहीं थी, इसलिए उसे इस बीमारी के आधार पर सेवा से बर्खास्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर के आदेश को खारिज करते हुए याची को सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है।

# अयोध्या होकर जाएगी वंदेभारत ट्रेन

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों पर रेलवे बोर्ड का फोकस है। ऐसे में लखनऊ–अयोध्या के रास्ते भी वंदेभारत चलाने की तैयारी है। नई दिल्ली से आने वाली वंदेभारत लखनऊ के रास्ते अयोध्या व वाराणसी जा सकती है। इसका रूट जल्द फाइनल किया जाना है। वंदेभारत एक्सप्रेस वर्तमान में भारत की



सबसे तेज यात्री ट्रेन है। इसकी अधिकतम गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा है। इस ट्रेन की खासियत है कि सभी डिब्बों में स्टील की कार बॉडी होती है। इसमें स्लाइडिंग फुटस्टेप्स, ऑनबोर्ड ट्रेन कंट्रोल कंप्यूटर और रिमोट मॉनिटरिंग के साथ स्वचालित दरवाजे लगे होते हैं। वहीं बाराबंकी–अयोध्या–शाहगंज, कटरा–अयोध्या–प्रयागराज रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया जा चुका है। बाराबंकी–अयोध्या–शाहगंज रेल मार्ग के दोहरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। जाफराबाद से अयोध्या के गोसाईगंज रेलवे स्टेशन के बीच दोहरीकरण का काम बीते वर्ष ही पूरा हो चुका है। गोसाईगंज से दर्शननगर रेलवे स्टेशन मार्ग को दोहरीकरण करने कार्य तेजी से हो रहा है। इसके निर्माण की तिथि 28 फरवरी तय हो गई है। दर्शननगर से अयोध्या–अयोध्या कैंट–सलारपुर–सोहावल मार्ग पर अभी दोहरीकरण का कार्य शेष है। नए बजट के बाद इसे भी गति मिल सकती है।

# सातवें दिन भी जारी रहा भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं का धरना

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। विभिन्न समस्याओं तथा संयुक्त खंड विकास अधिकारी हरिशंकर मिश्रा के दुर्व्यवहार एवं अश्लील हरकत को लेकर भारतीय किसान यूनियन नेताओ द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को किसान समस्याओं का समाधान करने को लेकर धरना स्थल पर एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह,एडीओ समाज कल्याण मनीष वर्मा,एडीओ आईएसवी सुरेश कुमार,के साथ पहुँचे बीडीओ अनिशि मणि त्रिपाठी ने भाकियू नेता अरविंद गोस्वामी व संतोष वर्मा सहित आंदोलनकारियों से वार्ता की। लेकिन धरनाकारी पूर्व दिये गये समस्याओ के समाधान हुये बिना धरना खत्म करने पर तैयार नही हुये। जिससे भाकियू नेताओ व बीडीओ की वार्ता विफल रही। और आगामी छः फरवरी को किसान महापंचायत करने पर अड़े रहे भाकियू नेताओ के तेवर देख अधिकारी बीच के विकल्प की तलाश में धरना खत्म कराने का नुस्खा ढूढ रहे हैं। बीडीओ ने एडीओ पंचायत के नेतृत्व में उपरोक्त अन्य विभागों से जुड़े अधिकारियों की टीम बनाकर तारापुर गांव पंचायत में भेजा है।गांव पंचायत निवासी व संगठन के तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि अब तक आधा दर्जन आवास नही बनवाये ग्रे है और तत्कालीन प्रधान व पंचायत सचिव की आपसी साठगांठ से सराकरी धन की बन्दर बांट किया गया है।श्री वर्मा ने कहा कि पूर्व में शौचालय निर्माण के निर्गत रकम लाभार्थी गटक गये और शौचालय नही बनवाया।तारापुर गांव पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के चयनित लाभार्थियों में पात्र का नाम काटकर अन्य को आवास का लाभ पंचायत सचिव द्वारा दिलवा दिया गया।इसी मामले की स्थलीय जांच करने टीम गांव में गयी हैं। धरने में राम नयन यादव,दयाराम,गुरुदीन वर्मा,राजमणि दुबे,लल्लू उपाध्याय मौजूद रहे।

# सरवाइकल एवं स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए छह फरवरी को लगेगा निःशुल्क शिविर

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गायनोकोलोजिकल एंड ऑबसट्रटिशियन सोसायटी आफ इंडिया की अयोध्या इकाई द्वारा छह फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए फॉगसी अयोध्या की सचिव एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मंजूषा पांडे ने बताया कि शिविर में शहर की प्रतिष्ठित महिला चिकित्सकों द्वारा सर्वाइकल और स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग व जानकारी निशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।